# शिक्षा निदेशालय, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र, दिल्ली

## अभ्यास प्रश्न पत्र

## कक्षा XII (2023–24)

## हिंदी (ऐच्छिक) (002)

**अधिकतम अंक–80** **अवधिः 3 घंटे**

<u>सामान्य निर्देश</u>: –

- **इस प्रश्नपत्र में दो खंड हैं। खंड 'अ' में वस्तुपरक/बहुविकल्पी और खंड 'ब' में वस्तुनिष्ठ / वर्णनात्मक प्रश्न दिए गए हैं।**
- **प्रश्नपत्र के दोनों खंडों में प्रश्नों की संख्या 14 है और सभी प्रश्न करने अनिवार्य हैं।**
- **खंड 'अ' में 40 वस्तुपरक प्रश्न पूछे गए हैं, सभी प्रश्नों का उत्तर देना अनिवार्य है।**
- **खंड 'ब' में वर्णनात्मक प्रश्न पूछे गए हैं। सभी प्रश्नों के साथ दिए गए उचित विकल्प का ध्यान रखते हुए सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए।**
- **यथासंभव सभी प्रश्नों के उत्तर क्रमानुसार लिखिए।**

| प्रश्न संख्या | खंड 'अ' (वस्तुपरक प्रश्न)<br>अपठित बोध | अंक |
|---|---|---|
| प्रश्न 1. | **निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए–**<br>सिनेमा जगत के अनेक नायक–नायिकाओं, गीतकारों, कहानीकारों और निर्देशकों को हिन्दी के माध्यम से पहचान मिली है। यही कारण है कि गैर–हिंदी भाषी कलाकार भी हिंदी को ओर आए हैं। समय और समय के उभरते सच को परदे पर पूरी अर्थवत्ता में धारण करने वाले ये लोग दिखावे के लिए भले ही अंग्रेज़ी के आग्रही हों लेकिन बुनियादी और ज़मीनी हकीकत यही है कि इनकी पूँजी, इनकी प्रतिष्ठा की एकमात्र निमित्त हिंदी ही है। लाखों–करोड़ों दिलों की धड़कनों पर राज करने वाले ये सितारे हिंदी फिल्मों और भाषा के सबसे बड़े प्रतिनिधि हैं। छोटे परदे (टी.वी.) ने आम जनता के घरों में अपना मुकाम बनाया तो लगा हिंदी आम भारतीय की जीवन–शैली बन गई। हमारे आदिग्रंथों–रामायण और महाभारत को जब हिंदी में प्रस्तुत किया गया तो सड़कों का कोलाहल सन्नाटे में बदल गया। 'बुनियाद' और 'हम लोग' से शुरू हुआ सोप ऑपेरा का दौर हो या सास–बहू धारावाहिकों का, ये सभी हिंदी की रचनात्मकता और उर्वरता के प्रमाण हैं। 'कौन बनेगा करोड़पति' से करोड़पति चाहे जो बने हों, पर सदी के महानायक की हिंदी हर दिल की धड़कन की भाषा बन गई। सुर और संगीत की प्रतियोगिता में कर्नाटक, गुजरात, महाराष्ट्र, असम, सिक्किम जैसे गैर–हिंदी क्षेत्रों के कलाकारों ने हिंदी गीतों के माध्यम से पहचान बनाई। ज्ञान गंभीर 'डिस्कवरी चैनल, हो या बच्चों को रिझाने–लुभाने वाला टॉम एण्ड जेरी' इनके हिंदी उच्चारण की मिठास और गुणवत्ता अद्भुत, प्रभावी और ग्राह्य है। धर्म–संस्कृति, कला–कौशल, ज्ञान–विज्ञान सभी कार्यत्मक हिंदी संप्रेषणीयता के प्रमाण हैं। | **1X10= 10** |
| **(I)** | कहानीकारों और निर्देशकों को पहचान किस से मिली है?<br>(क) कहानी से<br>(ख) कविता से<br>(ग) हिंदी से<br>(घ) फ़िल्मों से | |

| | | |
|---|---|---|
| **(II)** | किन कलाकारों ने हिन्दी की ओर रुख किया है?<br>(क) हिंदी भाषी<br>(ख) गैर–हिंदी भाषी<br>(ग) विदेशी<br>(घ) देशी | |
| **(III)** | परदे पर अर्थवत्ता को धारण करते लोग दिखावे के लिए किस भाषा के आग्रही हैं?<br>(क) पंजाबी<br>(ख) हिंदी<br>(ग) तेलुगु<br>(घ) अंग्रेज़ी | |
| **(IV)** | कब सड़कों का कोलाहल सन्नाटे में बदल जाता था?<br>(क) रामायण, महाभारत के प्रस्तुतीकरण के समय<br>(ख) विवाह समारोह के समय<br>(ग) मेले के समय<br>(घ) खेलों के समय | |
| **(V)** | हिंदी कब हर दिल की धड़कन बन भाषा बन गई?<br>(क) हम लोग के समय<br>(ख) कौन बनेगा करोड़पति के कारण<br>(ग) धारावाहिकों के कारण<br>(घ) संगीत के कारण | |
| **(VI)** | गैर हिंदी कलाकरों ने हिंदी गीतों के माध्यम से कहाँ पहचान बनाई?<br>(क) सुर और संगीत की प्रतियोगिता में<br>(ख) टॉम एण्ड जैरी में<br>(ग) बुनियाद में<br>(घ) रामायण में | |
| **(VII)** | निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए–<br>(I) छोटे पर्दे से तात्पर्य टी.वी. पर आने वाले कार्यक्रम से है।<br>(II) छोटे पर्दे से तात्पर्य नाटक से है।<br>(III) छोटे पर्दे से तात्पर्य लघु फ़िल्म से है।<br>उपर्युक्त कथनों में से कौन–सा/कौन–से सही है/ हैं?<br>(क) केवल II<br>(ख) केवल I<br>(ग) केवल III<br>(घ) I और III | |
| **(VIII)** | बच्चों की लुभाने वाले ..........की हिंदी उच्चारण और मिठास की गुणवत्ता प्रभावी ओर ग्राह्य है। रिक्त स्थान | |



https://www.evidyarthi.in

| | | |
|---|---|---|
| | की पूर्ति कीजिए–<br>(क) टॉम एण्ड जेरी<br>(ख) डिस्कवरी चैनल<br>(ग) रामायण और महाभारत<br>(घ) ये सभी | |
| **(Ix)** | रचनात्मक शब्द से मूल शब्द पहचानिए–<br>(क) रच<br>(ख) रचना<br>(ग) चना<br>(घ) आत्मक | |
| **(x)** | निम्नलिखित कथन कारण को ध्यानपूर्वक पढ़िए उसके बाद दिए गए विकल्पों में से कोई एक सही विकल्प चुनकर लिखिए–<br>कथन (A): प्रस्तुत गद्यांश का उचित शीर्षक भारतीय सिनेमा है।<br>कारण (R): सिनेमा में केवल रामायण ही दिखाई जाती है।<br>(क) कथन (A) गलत है तथा कारण (R) सही है।<br>(ख) कथन (A) तथा कारण (R) दोनों गलत हैं।<br>(ग) कथन (A) सही है तथा कारण (R) गलत है।<br>(घ) कथन (A) तथा कारण (R) दोनों सही हैं। | |
| **प्रश्न 2.** | **दिए गए काव्यांश को पढ़कर उस पर आधारित प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए–**<br>गुलाब का फूल है हमारा पढ़ा–लिखा<br>मैंने उसे काफी उलट–पुलट कर देखा है<br>मुझे तो वह ऐसा ही दिखा<br>सबसे बड़ा सबूत उसके गुलाब होने का यह है<br>कि वह गाँव में जाकर बसने के लिए तैयार नहीं है<br>गाँव में उसकी प्रदर्शनी कौन कराएगा<br>वहाँ वह अपनी शोभा की प्रशंसा किससे कराएगा<br>वह फूलने के बाद किसी फ़सल में थोड़े ही बदल जाता है<br>मूरख किसान को फूलने के बाद<br>फ़सल देने वाला ही तो भाता है,<br>गाँव में इसलिए ठीक है अलसी और सरसों के फल।<br>बीच–बीच में यह प्रस्ताव कि गुलाब गाँव में चिकित्सा करे या पढ़ाए<br>पेश करने में कोई हर्ज नहीं है<br>मगर साफ समझ लेना चाहिए कि गुलाब का यह फर्ज नहीं है कि<br>गाँव जाकर खिले, अलसी और सरसों वगैरा से मिले<br>ढंक जाए वहाँ की धूल से | **1X8=8** |

| | | |
|---|---|---|
| | और वक्त बेवक्त अपनी प्रदर्शनी न कराए<br>आमीन, गुलाब पर ऐसा वक्त कभी न आए। | |
| **(I)** | इस कविता के केन्द्रीय भाव हेतु दिए गए कथनों को पढ़कर उचित विकल्प का चयन कीजिए–<br>कथन– (I) गुलाब शहरी समाज के पढ़े–लिखे सुविधासंपन्न वर्ग का प्रतीक है।<br>(II) अन्न उपजाने की अपेक्षा किसानों से नहीं व्यापारियों से करनी चाहिए।<br>(III) किसान को सजावटी पौधों की अपेक्षा उसकी जीविका चलाने वाले पौधे ही भाते हैं।<br>(IV) गुलाब जैसे लोग सदैव दिखावा और अपनी प्रशंसा के भूखे होते हैं।<br>विकल्प–<br>(क) कथन (I) और (II) सही है।<br>(ख) कथन (II) और (III) सही है।<br>(ग) कथन (I), (III) और (IV) सही है।<br>(घ) कथन (I), (II), (III) और (IV) सही है। | |
| **(II)** | कवि ने किसे मूर्ख कहा है ?<br>(क) गुलाब को<br>(ख) किसान को<br>(ग) सरसों को<br>(घ) पढ़े–लिखे शहरी को | |
| **(III)** | पढ़ा–लिखा गुलाब कहाँ जाकर बसने को तैयार नहीं है ?<br>(क) शहर में<br>(ख) कस्बे में<br>(ग) गाँव में<br>(क) महानगर में | |
| **(IV)** | कवि के अनुसार गुलाब का निम्न में से क्या फर्ज़ नहीं है ?<br>(क) वह गाँव में जाकर खिले<br>(ख) अलसी, सरसों वगैरा से मिले<br>(ग) वहाँ की धूल से ढक जाए<br>(घ) उपर्युक्त सभी | |
| **(V)** | किसान को फूलने के बाद फसल देने वाला क्यों भाता है?<br>(क) क्योंकि वह उन्हें अपने घर में प्रदर्शनी के लिए रखना चाहता है।<br>(ख) क्योंकि फसल से ही उसका जीवन–यापन होता है।<br>(ग) क्योंकि किसान को फूल बिलकुल पसंद नहीं होते।<br>(घ) क्योंकि फसल बिना फूल के उगती है। | |
| **(VI)** | निम्नलिखित कथन कारण को ध्यानपूर्वक पढ़िए उसके बाद दिए गए विकल्पों में से कोई एक सही विकल्प चुनकर लिखिए –<br>कथन (A): मगर साफ समझ लेना चाहिए कि गुलाब का यह फर्ज नहीं है कि गाँव जाकर खिले। | |

DoE, Delhi



https://www.evidyarthi.in

| | | |
|---|---|---|
| | कारण (R): कवि स्वयं भी गुलाब के समान अभिजात्य वर्ग से संबंधित है और वह गाँव में नहीं बसना चाहता।<br>(क) कथन (A) तथा कारण (R) दोनों सही हैं तथा कारण कथन की सही व्याख्या करता है।<br>(ख) कथन (A) गलत है तथा कारण (R) सही है।<br>(ग) कथन (A) तथा कारण (R) दोनों गलत हैं।<br>(घ) कथन (A) सही है लेकिन कारण (R) उसकी गलत व्याख्या करता है। | |
| **(VII)** | 'बीच-बीच' में कौन-सा अलंकार है ?<br>(क) अनुप्रास<br>(ख) यमक<br>(ग) उपमा<br>(घ) पुनरुक्ति प्रकाश | |
| **(VIII)** | काव्यांश में कवि ने किस फसल का ज़िक्र किया है ?<br>(क) गेहूँ<br>(ख) अलसी<br>(ग) ज्वार<br>(घ) बाजरा | |
| | **अभिव्यक्ति और माध्यम** | |
| **प्रश्न 3.** | **निम्नलिखित प्रश्नों के लिए उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए-** | **1X5=5** |
| **(I)** | किसका उद्देश्य पाठकों को सूचना देने, शिक्षित करने के साथ मुख्य रूप से उनका मनोरंजन करना भी होता है?<br>(क) समाचार लेखन<br>(ख) फीचर लेखन<br>(ग) डायरी लेखन<br>(घ) पटकथा लेखन | |
| **(II)** | निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए-<br>(I) खोजी रिपोर्ट- इसमें रिपोर्टर गहरी छानबीन कर ऐसी सूचनाएँ प्रस्तुत करता है जो सार्वजनिक रूप से पहले मौजूद होते हैं।<br>(II) इन डेप्थ रिपोर्ट- इसके अंतर्गत सार्वजनिक रूप में उपलब्ध सूचनाओं, तथ्यों की गहरी छानबीन कर तथ्यों को प्रकाशित किया जाता है।<br>(III) विश्लेषणात्मक रिपोर्ट- इसमें रिपोर्टर द्वारा किसी घटना, समस्या से जुड़े तथ्यों की व्याख्या को प्रस्तुत किया जाता है।<br>इन कथनों में कौन सा/से कथन सत्य है/हैं?<br>(क) केवल (I)<br>(ख) केवल (II)<br>(ग) (II) और (III) दोनों<br>(घ) (I), (II) तथा (III) | |

DoE, Delhi

| | | |
|---|---|---|
| **(III)** | अनन्या और शाम्भवी तथ्यों की गहराई में जाकर किसी गड़बड़ी की असली वजह और उसके लिए जिम्मेदार लोगों को ढूंढ निकालने का काम करती हैं, वे हैं–<br>(क) विशेष पत्रकार<br>(ख) खोजी पत्रकार<br>(ग) वैकल्पिक पत्रकार<br>(घ) फ्रीलांसर | |
| **(IV)** | किसी विचारधारा या उद्देश्य या मुद्दे के पक्ष में जनमत बनाने के लिए शुभम लगातार और ज़ोरशोर से पत्रकारिता का अभियान चला रहा है। यहाँ वह किस प्रकार की पत्रकारिता कर रहा है?<br>(क) खोजपरक पत्रकारिता<br>(ख) विशेषीकृत पत्रकारिता<br>(ग) एडवोकेसी पत्रकारिता<br>(घ) विश्लेषणात्मक पत्रकारिता | |
| **(V)** | अत्यन्त महत्त्वपूर्ण या बड़े समाचार को कम से कम शब्दों में दर्शकों तक तत्काल पहुँचाया जाना कहलाता है–<br>(क) ब्रेकिंग न्यूज़<br>(ख) फीचर न्यूज़<br>(ग) बीट न्यूज़<br>(घ) पेज थ्री न्यूज़ | |
| | **पाठ्यपुस्तक अंतरा भाग–2** | |
| **प्रश्न 4.** | **निम्नलिखित काव्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए तथा उचित विकल्प का चयन कीजिए –**<br>मुझ भाग्यहीन की तू संबल<br>युग वर्ष बाद जब हुई विकल,<br>दुख ही जीवन की कथा रही<br>क्या कहूँ आज, जो नहीं कही!<br>हो इसी कर्म पर वज्रपात<br>यदि धर्म, रहे नत सदा माथ<br>इस पथ पर, मेरे कार्य सकल<br>हों भ्रष्ट शीत के–से शतदल!<br>कन्ये, गत कर्मों का अर्पण<br>कर, करता मैं तेरा तर्पण! | **1X5=5** |
| **(I)** | काव्यांश में भाग्यहीन कौन है ?<br>(क) पुत्री सरोज<br>(ख) कवि की पत्नी<br>(ग) स्वयं कवि<br>(घ) कवि की पोती | |
| **(II)** | 'दुख ही जीवन की कथा रही' इस पंक्ति का अभिप्राय है–<br>(क) निराला का व्यक्तिगत जीवन वैभव से परिपूर्ण था। | |

DoE, Delhi



https://www.evidyarthi.in

| | | |
|---|---|---|
| | (ख) निराला का व्यक्तिगत जीवन संघर्ष और कठिनाइयों से भरा हुआ था।<br>(ग) निराला केवल दुख और शोक की रचनाएँ ही लिखते थे।<br>(घ) उपर्युक्त पंक्ति केवल निराला की पुत्री सरोज के लिए प्रयुक्त है। | |
| **(III)** | कवि ने कौन–सी बात किसी से नहीं कही?<br>(क) आजीवन विपत्तियों का सामना करने की<br>(ख) बेटी का विवाह करने की<br>(ग) सर्वदा सुखद जीवन व्यतीत करने की<br>(घ) जीवन में हमेशा सद्कर्म करने की | |
| **(IV)** | काव्यांश में कौन–सा भाव मुखरित हुआ है?<br>(क) दैन्य भाव<br>(ख) कुद्ध भाव<br>(ग) वत्सल भाव<br>(घ) रति भाव | |
| **(V)** | निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए–<br>(I) एक भाग्यहीन पिता के संघर्षमय जीवन और पुत्री के प्रति कुछ न कर पाने का पश्चात्ताप कविता में व्यक्त हुआ है।<br>(II) प्रस्तुत कविता अपनी प्राणप्रिया पत्नी के असमय मृत्यु से दुखी कवि की दैन्य अभिव्यक्ति है।<br>(III) कवि अपने जीवन के सभी पुण्य कर्मों का फल अपनी पुत्री सरोज को श्रद्धांजलि रूप में अर्पित करता है।<br>इन कथनों में कौन सा/से कथन सत्य है/हैं?<br>(क) केवल (I)<br>(ख) केवल (II)<br>(ग) (I) और (III)<br>(घ) (I), (II) तथा (III) | |
| **प्रश्न 5.** | **निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए तथा निर्देशानुसार उचित विकल्प का चयन कीजिए–**<br>चौधरी साहब से तो अब अच्छी तरह परिचय हो गया था। अब उनके यहाँ मेरा जाना एक लेखक की हैसियत से होता था। हम लोग उन्हें एक पुरानी चीज़ समझा करते थे। इस पुरातत्व की दृष्टि में प्रेम और कुतूहल का एक अद्भुत मिश्रण रहता था। यहाँ पर यह कह देना आवश्यक है कि चौधरी साहब एक खासे हिंदुस्तानी रईस थे। वसंत पंचमी, होली इत्यादि अवसरों पर उनके यहाँ खूब नाचरंग और उत्सव हुआ करते थे। उनकी हर एक अदा से रियासत और तबीयतदारी टपकती थी। कंधों तक बाल लटक रहे हैं। आप इधर से उधर टहल रहे हैं। एक छोटा–सा लड़का पान की तश्तरी लिए पीछे–पीछे लगा हुआ है। बात की कांट–छांट का क्या कहना है! जो बातें उनके मुंह से निकलती थी, उनमें एक विलक्षण वक्रता रहती थी। उनकी बातचीत का ढंग उनके लेखों के ढंग से एकदम निराला होता था। नौकरों तक के साथ उनका संवाद सुनने लायक होता था। अगर किसी नौकर के हाथ से कभी कोई गिलास वगैरह गिरा तो उनके मुँह से यही निकला कि "कारे बचात नाहीं। | **1X5=5** |
| **(I)** | "इस पुरातत्व की दृष्टि में प्रेम और कुतूहल का एक अद्भुत मिश्रण रहता था।" इस कथन का औचित्य बताइए।<br>(क) प्रेम और उत्सुकता का अद्भुत मिश्रण लेखक मंडली में दिखाई देता था। | |

DoE, Delhi

| | | |
|---|---|---|
| | (ख) उपाध्याय बद्रीनारायण चौधरी को पुरातत्व की अच्छी जानकारी थी।<br>(ग) लेखक मंडली की आयु उपाध्याय बद्रीनारायण चौधरी से बहुत अधिक थी।<br>(घ) लेखक मंडली चौधरी साहब को पुराने विचारों वाला आदमी समझती थी। | |
| **(II)** | उनकी हर एक अदा से रियासत और तबीयतदारी टपकती थी इसका अभिप्राय है कि–<br>(क) पंडित उमाशंकर द्विवेदी एक बहुत बड़ी रियासत के मालिक थे।<br>(ख) लेखक और उसके साथियों को बड़ी रियासत प्राप्त हुई थी।<br>(ग) उनके पास बहुत बड़ी रियासत थी और तबीयत ठीक नहीं रहती थी।<br>(घ) कार्य व्यवहार से रियासत और तबीयतदारी की झलक मिलती थी। | |
| **(III)** | चौधरी साहब कैसे व्यक्ति थे ?<br>(क) खासे हिंदुस्तानी रईस, कंधों तक बालों वाले<br>(ख) क्रोधी स्वभाव के, कंधों तक बालों वाले<br>(ग) कंधों तक बालों वाले,स्वार्थी<br>(घ) स्वार्थी, खासे हिंदुस्तानी रईस | |
| **(IV)** | "कारे बचात नाही"। कहने से चौधरी साहब प्रदर्शित करते हैं कि वे–<br>(क) नौकर से गिलास टूटने पर क्रोधित हो रहे हैं।<br>(ख) नौकरों को बहुत डॉट–डपटकर रखते हैं।<br>(ग) वस्तुओं का नुकसान सहन नहीं करना चाहते हैं।<br>(घ) विलक्षणता और चुटीलापन जैसे विशेष गुणों के स्वामी हैं। | |
| **(V)** | कथन (A) : एक छोटा–सा लड़का जो पान की तश्तरी लिए चौधरी साहब के पीछे–पीछे लगा हुआ है, वह चौधरी साहब का नौकर है।<br>कारण (R) : वर्तमान सन्दर्भ में यह कार्य बालमजदूरी की अवस्था को दर्शाता है।<br>(क) कथन (A) सही है और कारण (R) सही व्याख्या है।<br>(ख) कथन (A) तथा कारण (R) दोनों गलत हैं।<br>(ग) कथन (A) सही है किंतु कारण (R) गलत है।<br>(घ) कथन (A) सही है किंतु कारण (R) सही व्याख्या नहीं है। | |
| | **पाठ्यपुस्तक अंतराल भाग–2** | |
| **प्रश्न 6.** | **निम्नलिखित प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए –** | **1X7=7** |
| **(I)** | सूरदास अपनी इस आर्थिक हानि को जगधर से गुप्त क्यों रखना चाहता था ?<br>(क) क्योंकि वह सभी से पोटली के राज़ को गुप्त रखना चाहता था।<br>(ख) क्योंकि वह जगधर को पोटली के बारे में नही बताना चाहता था।<br>(ग) क्योंकि एक गरीब के पास इतने पैसे होना लज्जा की बात है।<br>(घ) क्योंकि एक अमीर के पास इतने पैसे होना गर्व की बात है। | |
| **(II)** | सूरदास के मन में अचानक से आशा की किरण किस प्रकार जगी ?<br>(क) खेलते हुए बच्चो की बात सुनकर – तुम खेल में रोते हो<br>(ख) उसके अंतर्मन से | |


https://www.evidyarthi.in

| | | |
|---|---|---|
| | (ग) अपनी दैन्य स्थिति को देखते हुए<br>(घ) जगधर के उकसाने पर | |
| **(III)** | कथन (A) : लेखक ने आधुनिक सभ्यता को `खाऊ–उजाडू सभ्यता` कहा है।<br>कारण (R) : यह भारत की अपनी सभ्यता है और यह भारत से यूरोप तथा अमेरिका गई है।<br>(क) कथन (A) सही है और कारण (R) सही व्याख्या है।<br>(ख) कथन (A) तथा कारण (R) दोनों गलत हैं।<br>(ग) कथन (A) सही है किंतु कारण (R) गलत है।<br>(घ) कथन (A) गलत है तथा कारण (R) सही है। | |
| **(IV)** | कथन (A) : बीसवीं शताब्दी में यूरोप में हुई फ्रांसीसी क्रान्ति के बाद परिवर्तन की जो लहर चली थी उसको `रिनेसाँ` या पुनर्जागरण काल कहा जाता है।<br>कारण (R) : इसी के कारण ब्रिटेन में बड़े–बड़े उद्योग लगे और उनके माल को खपाने के लिए एशिया में बाजार तलाशे गए।<br>(क) कथन (A) सही है और कारण (R) सही व्याख्या नहीं है।<br>(ख) कथन (A) तथा कारण (R) दोनों गलत हैं।<br>(ग) कथन (A) सही है किंतु कारण (R) गलत है।<br>(घ) कथन (A) सही है और कारण (R) सही व्याख्या है। | |
| **(V)** | 'संगीत, गंध, बच्चे – बिसनाथ के लिए सबसे बड़े सेतु हैं' लेखक ने ऐसा क्यों कहा है?<br>(क) क्योंकि इनसे ही काल, इतिहास को पार किया जा सकता है।<br>(ख) क्योंकि इनसे ही भविष्य का निर्माण किया जा सकता है।<br>(ग) क्योंकि इनसे ही ब्रह्मांड में विचरण किया जा सकता है।<br>(घ) क्योंकि अरुचिपूर्ण होने के कारण ये सभी त्याज्य हैं। | |
| **(VI)** | निम्नलिखित शब्द–युग्मों को सुमेलित कीजिए–<br>**भाग 1** — **भाग 2**<br>(I) भरभंडा — (I) मधुमेह की दवाई<br>(II) नीम के पत्ते — (II) आँख दुखने पर दवा<br>(III) बेर के फूल — (III) चेचक होने पर दवाई का काम<br>(IV) गुड़हल के फूल — (IV) ततैयों के डंक की दवाई<br>(क) (I)–(I), (II)–(II), (III)–(III), (IV)–(IV)<br>(ख) (I)–(IV), (II)–(I), (III)–(II), (IV)– (III)<br>(ग) (I)–(I), (II)–(III), (III)–(II), (IV)– (IV)<br>(घ) (I)–(II), (II)–(III), (III)–(IV), (IV)– (I) | |
| **(VII)** | 'बिस्कोहर की माटी' पाठ के अनुसार निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए–<br>(I) `बिस्कोहर की माटी` विश्वनाथ त्रिपाठी द्वारा रिपोर्ताज शैली में लिखा गया पाठ है। | |

| | | |
|---|---|---|
| | (II) इस पाठ में लेखक ने अपनी ग्रामीण प्राकृतिक सुषमा और सम्पदा का सुंदर वर्णन किया है।<br>(III) इस पाठ में लेखक ने औद्योगिक विकास से उत्पन्न समस्याओं का चित्रण किया है।<br>इन कथनों में कौन सा/से कथन सत्य है/हैं?<br>(क) केवल (I)<br>(ख) केवल (II)<br>(ग) (I) और (II) दोनों<br>(घ) (II) और (III) दोनों | |
| | **खंड 'ब' (वर्णनात्मक प्रश्न)** | |
| **प्रश्न 7.** | **निम्न में से किसी एक विषय पर लगभग 120 शब्दों में रचनात्मक लेख लिखिए–**<br>(I) राजनीति का अपराधीकरण<br>(II) सच्ची ख़ुशी<br>(III) वसुधैव कुटुम्बकं | **5X1=5** |
| **प्रश्न 8.** | **निम्नलिखित में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 60 शब्दों में लिखिए–** | **3X2=6** |
| **(I)**<br>**(II)**<br>**(III)** | नाटककार एक सफल सम्पादक होना चाहिए? स्पष्ट कीजिए।<br>'कहानी का इतिहास उतना ही पुराना है जितना मानव का इतिहास' इस कथन के आधार पर कहानी की विशेषताओं को रेखांकित कीजिए।<br>कविता की रचना के लिये आवश्यक तत्वों का उल्लेख कीजिए। | |
| **प्रश्न 9.** | **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लगभग 60 शब्दों में लिखिए–** | **3X2=6** |
| **(I)**<br>**(II)** | विशेष लेखन की भाषा–शैली संबंधी विशेषता का वर्णन कीजिए।<br>आजकल इन्टरनेट के अधिक लोकप्रिय होने के कारणों को स्पष्ट कीजिए। | |
| **प्रश्न 10.** | **निम्न में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर दीजिए–** | **2X2=4** |
| **(I)**<br>**(II)**<br>**(III)** | 'यह दीप अकेला' कविता में व्यष्टि एवं समष्टि के संतुलन को आवश्यक माना गया है" स्पष्ट करें।<br>'बारहमासा' की नायिका 'छार' क्यों बन जाना चाहती है? पवन से वह क्या प्रार्थना करती है और क्यों?<br>'ये झूठे बंधन टूटें, तो धरती को हम जानें', यहाँ पर झूठे बंधनों और धरती को जानने से क्या अभिप्राय है ? 'तोड़ो' कविता के आधार पर उत्तर लिखिए। | |
| **प्रश्न 11.** | **निम्नलिखित में से किसी एक काव्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए –** | **6X1=6** |
| | अरुण यह मधुमय देश हमारा!<br>जहाँ पहुँच अनजान क्षितिज को मिलता एक सहारा।<br>सरस तामरस गर्भ विभा पर–नाच रही तरुशिखा मनोहर।<br>छिटका जीवन हरियाली पर–मंगल कुंकुम सारा!<br>लघु सुरधनु से पंख पसारे–शीतल मलय समीर सहारे।<br>उड़ते खग जिस ओर मुँह किए–समझ नीड़ निज प्यारा।<br>बरसाती आँखों के बादल–बनते जहाँ भरे करुणा जल। | |



DoE Delhi
https://www.evidyarthi.in

| | | |
|---|---|---|
| | लहरें टकराती अनंत की–पाकर जहाँ किनारा।<br>हेम कुंभ ले उषा सवेरे–भरती दुलकाती सुख मेरे।<br>मदिर ऊंघते रहते जब–जगकर रजनी भर तारा।<br>**अथवा**<br>बहुत दिनान को अवधि आसपास परे,<br>खरे अरबरनि भरे हैं उठि जान को।<br>कहि कहि आवन छबीले मनभावन को,<br>गहि गहि राखति ही दै दै सनमान को।।<br>झूठी बतियानि की पत्यानि तें उदास है कै,<br>अब ना घिरत घन आनंद निदान को।<br>अधर लगे हैं आनि करि कै पयान प्रान,<br>चाहत चलन ये सँदेसो लै सुजान को।। | |
| **प्रश्न 12.** | **निम्नलिखित में से किन्हीं दो प्रश्नो के उत्तर दीजिए–** | **2X2=4** |
| **(I)**<br>**(II)**<br>**(III)** | बालक द्वारा इनाम में लड्डू माँगने पर लेखक ने सुख की साँस क्यों भरी ?<br>असगर वजाहत की 'शेर' लघुकथा के आलोक में प्रतिपादित कीजिए कि 'प्रमाण से भी अधिक महत्वपूर्ण है विश्वास'। 'व्यापार यहाँ भी था' 'दूसरा देवदास' पाठ के आधार पर इस कथन का आशय स्पष्ट कीजिए। | |
| **प्रश्न 13.** | **निम्नलिखित गद्यांश में से किसी एक की सप्रसंग व्याख्या कीजिए –** | **6X1=6** |
| | हरगोबिन को अचरज हुआ तो आज भी किसी को संवदिया की जरूरत पड़ सकती है। इस जमाने में जबकि गाँव–गाँव में डाकंघर खुल गए हैं, संवदिया के मारफत संवाद क्यों भेजेगा कोई ? आज तो आदमी घर बैठे ही लंका तक खबर भेज सकता है और वहाँ का कुशल संवाद मँगा सकता है, फिर उसकी बुलाहट क्यों हुई? हरगोबिन बड़ी हवेली की टूटी ड्योढ़ी पारकर अंदर गया । सदा की भाँति उसने वातावरण को सूंघकर संवाद का अंदाज लगाया।...निश्चय ही' कोई गुप्त समाचार ले जाना है।<br>**अथवा**<br>यूरोप में पर्यावरण का प्रश्न मनुष्य और भूगोल के बीच संतुलन बनाए रखने का है भारत में यही प्रश्न मनुष्य और उसकी संस्कृति के बीच पारम्परिक संबंध बनाए रखने का हो जाता है। स्वातंत्र्योत्तर भारत की सबसे बड़ी ट्रेजेडी यह रही है कि शासक वर्ग ने औद्योगीकरण का मार्ग चुना, ट्रेजेडी यह रही है कि पश्चिम की देखादेखी और नकल में योजनाएँ बनाते समय प्रकृति, मनुष्य और संस्कृति के बीच का नाजुक संतुलन किस तरह नष्ट होने से बचाया जा सकता है इस ओर हमारे पश्चिम शिक्षित सत्ताधारियों का ध्यान कभी नहीं गया। | |
| **प्रश्न 14.** | **निम्नलिखित में से किसी एक प्रश्न का उत्तर लगभग 60 शब्दों में दीजिए–** | **3X1=3** |
| **(I)**<br>**(II)** | 'सूरदास' प्रतिशोध का नहीं बल्कि पुनर्निर्माण का ही दूसरा नाम है।' 'सूरदास की झोंपड़ी' पाठ को दृष्टि में रखते हुए सरदास की चारित्रिक विशेषताओं को लिखिए।<br>लेखक को क्यों लगता है कि हम जिसे विकास की औद्योगिक सभ्यता कहते हैं वह उजाड़ की अपसभ्यता है?' आप क्या मानते हैं ? तर्क सहित उत्तर लिखिए । | |

DoE, Delhi